सोलर के क्षेत्र में दो कंपनियां निवेश करेंगी 28 हजार करोड़, एम.ओ.यू. साइन

बीकानेर, (कासं)। जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट बुधवार को लक्ष्मी निवास पैलेस में आयोजित की गई। इस दौरान 131 निवेशकों ने लगभग 32 हजार करोड़ रूपए के निवेश के एमओयू हस्तांतरित किए। इनसे लगभग 24 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

जिला स्तरीय समारोह के दौरान नेकोफ ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सोलर के क्षेत्र में 20 हजार करोड़ तथा क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 8 हजार करोड़ रूपए के निवेश के एमओयू का हस्तांतरण किया गया। वहीं हरियाणा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड द्वारा 375, एसए रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 280 तथा ओविक सोलर द्वारा 200 करोड, साई वीएसएलपी बायो एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 123, मुकेश ट्रेडिंग कॉरपोरेशन द्वारा 120 तथा जैन केयरिंग कॉर्पोरेशन, बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड तथा राम सुपर स्पेशलिटी सर्जिकल सेंटर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 100 करोड रूपए निवेश के करार हुए।

इन्वेस्टमेंट समिट में एग्रो और एग्रो प्रोसेसिंग, आयुष, बायोफ्यूल सेरेमिक्स और ग्लास, कोल्ड चैन एंड प्रिजर्वेशन इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी रिन्यूएबल एंड नॉन रिन्यूएबल, फूड प्रोसेसिंग, फर्नीचर, गैस ग्रिड डवलपमेंट, ग्रीन हाइड्रोजन, हेल्थकेयर, पैकेजिंग, प्लास्टिक, सोलर मैन्युफैक्चरिंग, टूरिज्म, वेयर हाउसिंग सहित विभिन्न क्षेत्र में निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने की। मेघवाल वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। प्रदेश और जिला स्तर पर इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित किये जा रहे हैं। मेघवाल ने कहा कि बीकानेर में हवाई सेवाओं के विस्तार की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। दिसम्बर तक वंदे भारत एक्सप्रेस यहां से शुरू करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

जिले में ड्राई पोर्ट की स्थापना की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मेघवाल ने कहा कि बीकानेर को विकास की दृष्टि से किसी कीमत पर पीछे नहीं रहने देंगे। समिट के दौरान किए गए सभी एमओयू समयबद्ध क्रियान्वित किए जायेंगे।

राइजिंग इन्वेस्टमेंट समिट में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा व संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने निवेशकों को एम.ओ.यू. सौंपे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर थे। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीकानेर पश्चिम राजस्थान का सबसे महत्वपूर्ण शहर है। जहां पर्यटन, सोलर, सिरेमिक, वूलन, पापड़, भुजिया और मिठाई सहित विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। यह समिट इन संभावनाओं को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

गोदारा ने कहा कि समिट के माध्यम से हजारों करोड़ के इन्वेस्टमेंट आयेंगे तो रेगिस्तान की धरती की किस्मत चमक जायेगी। उन्होंने कहा कि आज बीकानेर मूंगफली, सरसों, ग्वार, मोठ उत्पादन में ऊपरी पायदान पर है। वहीं सोलर के क्षेत्र में बड़ा निवेश बीकानेर को विकास के पथ पर आगे बढ़ायेगा।

संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने कहा कि सभी एमओयू को समयबद्ध क्रियान्वित करने में उद्योग एवं वाणिज्य, रीको के साथ जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण समन्वय किया जायेगा। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि राज्य सरकार के इस नवाचार के प्रति निवेशकों ने विशेष रूचि दिखाई। जिसके फलस्वरूप बड़ी संख्या में एमओयू किए गए हैं।

इस दौरान निवेशक आशु गुप्ता तथा दीपक अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सभी निवेशकों ने अपने एमओयू हस्तांतरित किए।

■ **जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट में 131 निवेशकों ने लगभग 32 हजार करोड़ रूपए के निवेश के एम.ओ.यू हस्तांतरित किए**

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैन गोदारा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संजय पुरोहित और खुशबू कपूर ने किया। कार्यक्रम के दौरान बीकानेर के औद्योगक विकास पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, महापौर श्रीमती सुशीला कंवर राजपुरोहित, जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल, महानिरीक्षक पुलिस ओमप्रकाश, पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर तथा रीको के वरिष्ठ महाप्रबंधक सुनील गर्ग सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

वहीं पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर को रोजगार शुरू करने के लिए एक लघु ब्याज आधारित ऋण उपलब्ध कराने के लिए 18 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक तक 'स्वनिधि भी स्वाभिमान भी' पखवाड़ा कैम्प नगर निगम मुख्य कार्यालय सभागार में प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

भौतिकी विज्ञान पर सम्मेलन 15 को

बीकानेर,(कासं)। तकनीकी शिक्षा के अंतरराष्ट्रीय मंच पर भौतिकी विषय के वैज्ञानिक समुदायों के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने, दुनियां भर के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा अप्लाइड फिजिक्स और मटेरियल साइंस में नवीनतम प्रवृत्तियां 15-16 नवम्बर को हाइब्रिड मोड पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होगा।

आयोजन सचिव डॉ. सुधीर भारद्वाज ने बताया कि जहां विभिन्न देशों के वैज्ञानिक और शोधकर्ता अपने विचारों, वैज्ञानिक विषयों पर चर्चा और शोध के निष्कर्षों का आदान-प्रदान करेंगे। भौतिक विज्ञान में नई खोजों और प्रगति को साझा करना और इस क्षेत्र में नवीनतम प्रवृत्तियों पर वैज्ञानिक विचार-विमर्श के साथ प्रतिभागी अपना शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। जहां नई तकनीकों और सिद्धांतों पर चर्चा होगी और क्षेत्र के विशेषज्ञों को एक साथ लाने का एक बेहतरीन अवसर मिलेगा।

सम्मेलन के दौरान भौतिकी और मटेरियल साइंस के विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों, जैसे कि नैनो मेटेरियल्स, क्वांटम फिजिक्स, ऊर्जा सामग्री, और जैव-सामग्री विज्ञान पर गहन चर्चा की जायेगी। इस आयोजन से वैश्विक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान और प्रगति को प्रोत्साहन और गति मिलेगी। इस आयोजन में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों, उच्च शैक्षणिक संस्थानों और सम्बद्ध अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के 500 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक, शोधकर्ता, और विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे।

सार-समाचार

प्राचीन पुस्तकों की प्रदर्शनी

पुरातत्व संग्रहालय के वृत अधीक्षक महेन्द्र निम्हल ने प्राचीन पुस्तकों की प्रदर्शनी में प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह से नवाजा।

बीकानेर, (कासं)। सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट के 80 वें स्थापना दिवस के अवसर पर पांडुलिपियों और हस्तलिखित प्राचीन पुस्तकों की दो दिवसीय प्रदर्शनी बुधवार को सम्पन्न हुई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुरातत्व एवं संग्रहालय के वृत अधीक्षक महेन्द्र निम्हल थे। अध्यक्षता वास्तुविद के.के. शर्मा ने की। निम्हल ने कहा कि राजस्थानी में लिखित और अप्रकाशित साहित्य प्रचुर मात्रा में है। ऐसी सभी पांडुलिपियों को संरक्षित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट द्वारा ऐसे सभी ऐतिहासिक हस्तलिखित ग्रंथों को सुरक्षित रखा है। यह आने वाली पीढ़ी के लिए उपयोगी साबित होगा। वास्तुविद के.के. शर्मा ने कहा कि इंटरनेट के युग में संदर्भ के लिए पुस्तकों की उपयोगिता कम हुई है, लेकिन यह ग्रंथ साहित्य साधकों की दशकों की साधना का परिणाम है। इंस्टीट्यूट के सचिव राजेन्द्र जोशी ने बताया कि दो दिवसीय प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में लोगों ने अवलोकन किया। उन्होंने संस्था के ऐतिहासिक परिपेक्ष्य के बारे में बताया और कहा कि यह साहित्य शोधार्थियों के लिए उपयोगी है। राजाराम स्वर्णकार ने स्वागत उद्बोधन दिया। राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकाल के पुस्तकालयाध्यक्ष विमल कुमार शर्मा ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल शकूर सिसोदिया ने किया। इस दौरान इंस्टीट्यूट सदस्य और वाचनालय के पाठक मौजूद थे।

ग्लूकोमीटर व किट निःशुल्क वितरित

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने टाइप वन डायबिटीज से पीड़िति बच्चों को ग्लूकोमीटर और किट निःशुल्क वितरित की।

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर से संबद्ध सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में बुधवार को एंड्रोक्राइनोलॉजिस्ट डॉक्टर हरदेव नेहरा के मार्गदर्शन में टाइप वन से पीडित करीब 20 बच्चों को फार्मा कंपनी के सहयोग से निःशुल्क ग्लूकोमीटर, लिटरेचर एवं किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. नेहरा ने बताया कि टाइप 1 मधुमेह एक दीर्घकालिक स्वप्रतिरक्षी रोग है, जो आपके अग्नाशय को इंसुलिन बनाने से रोकता है। आपका शरीर आपके द्वारा खाए गए भोजन को ग्लूकोज़ (शर्करा) में तोड़ देता है, जो आपके शरीर का ऊर्जा का मुख्य स्रोत है। डॉक्टर सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि टाइप 1 डायबिटीज़ का निदान किसी भी उम्र में हो सकता है, लेकिन यह बच्चों और युवा व्यस्कों में ज्यादा आम है। वहीं टाइप 2 डायबिटीज़ का निदान आम तौर पर 40 साल से ज्यादा उम्र के लोगों में होता है। एसएसबी अधीक्षक डॉ. सोनाली धवन ने कहा की शुगर मरीजों के लिए जागरूकता एवं जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा उपकरण कार्यक्रम समय- समय पर आयोजित किए जाते है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएसबी अधीक्षक डॉ. सोनाली धवन, मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार वर्मा थे। इस दौरान डॉ. आशीष जोशी, डॉ. विनीता चौधरी, डॉ. सुशील फलोदिया, डॉ. नरेन्द्र डारा, डॉ. महेन्द्र सिसोदिया, नर्सिंग अधीक्षक शशिकला आदि मौजूद थे।

पराली जलाने पर सैटेलाइट से नजर, अब तक जिले में 300 मामले दर्ज

हनुमानगढ़, (कासं)। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार 100-150 तक एक्यूआई लेवल मानविकी लिहाज से संतोषजनक होता है। जबकि 100 तक एक्यूआई लेवल का रहना इंसान के लिए सही माना जाता है। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच एक्यूआई को संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर यानी खतरनाक श्रेणी में माना जाता है।

हनुमानगढ़ और सीमावर्ती पंजाब-हरियाणा में धान की पराली जलाने की घटनाओं में इजाफा होने के कारण जिले में एयर क्वालिटी इंडेक्स 380 पार कर गया है। यह सबसे गंभीर श्रेणी मानी जाती है। डॉक्टर्स की मानें तो बढ़ते एक्यूआई के कारण सांस संबंधी बीमारी के रोगियों की संख्या बढ़कर तीन गुणा हो गई है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली की ओर से सैटेलाइट इमेजेज के माध्यम से फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर नजर रखी जा रही है। जिले में अब तक सैटेलाइट इमेजेज के जरिए 300 केस दर्ज हुए हैं।

■ **दो किसानों पर जुर्माना, एक्यूआई 380 के पार, सांस के रोगी बढ़े**

प्रशासन की ओर से जिले में टिब्बी तहसील क्षेत्र के 2 किसानों को जुर्माना लगाकर दंडित किया गया है। पराली जलाने पर वाले किसानों के खिलाफ प्रशासन ने एनजीटी का डंडा दिखाकर दंडित की कार्रवाई तो प्रारंभ कर दी है लेकिन प्रबंधन के लिए सरकार द्वारा डिमांड के अनुसार उपकरण उपलब्ध नहीं करवाए जा रहे। पराली प्रबंधन के काम आने वाले कृषि यंत्रों की कीमत भी बहुत ज्यादा है। सरकार इन पर सब्सिडी भी बहुत कम दे रही है।

इस कारण कई किसान प्रबंधन की बजाय पराली जलाने को मजबूर है। सैटेलाइट के जरिए पराली जलाने की घटनाएं हनुमानगढ़, पीलीबंगा, टिब्बी व संगरिया तहसील में ज्यादा रिकॉर्ड हुई है। प्रशासन द्वारा टिब्बी तहसील के दो कृषकों पर जुर्माना लगाया गया है।

सबसे बड़ी बात यह है कि इस बार कृषि विभाग द्वारा पराली नहीं जलाने के लिए किसानों को गोष्ठियों के माध्यम से जागरूक भी किया गया। अब तक 300 स्थानों पर पराली जलाने के केस रिकॉर्ड हो चुके हैं।

रेल की पटरियों पर मिला युवक का शव

बीकानेर, (कासं)। दिल्ली जाने वाली रेल पटरियों पर एक युवक का शव मिला। युवक पिछले तीन दिन से लापता था। युवक की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा गया।

पुलिस थाना पांचू के कक्कू गांव में रहने वाले हरीराम भार्गव ने पुलिस को बताया कि उसका भाई अक्खाराम 9 नवम्बर को घर से बिना बताए निकल गया था। इसके बाद वापस नहीं आया। कई जगह ढूंढा लेकिन पता नहीं चला। पुलिस को भी सूचना दी थी। इस बीच सोशल मीडिया के माध्यम से अक्खाराम का शव मिलने का पता चला। उसका फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया था ताकि परिजनों का पता चल सकें। अक्खाराम ने बीकानेर-दिल्ली रेल लाइन पर बल्लभ गार्डन पर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी थी। हरीराम ने फोटो देखकर पीबीएम हॉस्पिटल में संपर्क किया।

बीकानेर में बदला मौसम, सुबह कोहरा व ठंड बढ़ी

बीकानेर, (कासं)। यहां मौसम बदलने के साथ ही सुबह कोहरा दिखता है। मैदानी क्षेत्रों और खेतों में दूर से ही कोहरा साफ नजर आता है। तापमान में भी लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

महाजन से श्रीगंगानगर की ओर जाने वाली भारत माला सड़क पर बुधवार सुबह कोहरा रहा। चालक भी वाहनों की लाइट जलाकर निकल रहे थे। गनीमत रही कि कोहरे के कारण बुधवार को कहीं किसी बड़े हादसे की सूचना नहीं है। इससे पहले सोमवार को कोहरे के कारण महाजन थाना क्षेत्र में ही जैतपुर के पास सड़क हादसा हुआ। जहां एक की मौत हो गई। चार वाहनों के भिड़ने से ये हादसा हुआ था।

अब तक सुबह आठ बजे तक हवा में ठंडक थी लेकिन मंगलवार से शाम को भी सर्द हवाओं से सर्दी का अहसास हुआ। तापमान में लगातार हो रही गिरावट से मौसम बदल रहा है।

■ **महाजन से श्रीगंगानगर की ओर जाने वाली भारत माला सड़क पर बुधवार सुबह कोहरा रहा, वाहनों की लाइट जलानी पड़ी**

न्यूनतम तापमान मंगलवार को 19.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। वहीं अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस तक रहा। पिछले कुछ दिनों में दोनों समय का तापमान घट रहा है। मान्यता है कि बीकानेर में कार्तिक पूर्णिमा से सर्दी शुरू हो जाती है। 15 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा पर श्रीकोलायत में मेला भरता है। इस मेले के दौरान कपिल सरोवर में बड़ी संख्या में लोग स्नान करते हैं।

हमला करने के आरोपी को 7 साल की सजा

बीकानेर, (कासं)। यहां जेल रोड पर एक युवक के साथ हमला करने के मामले में अदालत ने आरोपी को 7 साल की कारावास की सजा सुनाई।

इस मामले में दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। लेकिन एक की मौत होने के कारण एक को ही सजा दी गई है। मामला नवम्बर 2021 का है। कोटगेट थाने में 12 नवम्बर 2021 को बाला नामक महिला ने एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि उसका बेटा राजू उर्फ मोहम्मद असलम जेल सर्किल पर चाय की दुकान करता है। उसके यहां अरूण सिंह राजपूत और मोनू उर्फ सेफ अली सिगरेट लेने आए थे। सिगरेट के रूपए नहीं दिए।

विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। इतनी पिटाई कर दी कि शरीर के नाजुक अंगों पर चोट आई। जीवन के लिए संघर्ष करना पड़ा। इस मामले में पुलिस ने अदालत में चालान पेश कर दिया। इस बीच सात दिसम्बर 23 को मोनू की मौत हो गई। ऐसे में अदालत में अरूण सिंह के खिलाफ ही केस चला। उसे 7 साल की सजा दी गई है। अदालत ने उसे कई मामलों में दोषी मानते हुए अधिकतम 7 साल कारावास की सजा सुनाई है।

■ **चालान एक आरोपी के खिलाफ ही किया गया था, जबकि मामने में दो आरोपी थे**

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

नोखा, (कासं)। सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

कस्बे बी फौजी कॉलोनी निवासी श्याम सांखी ने नोखा थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि उसका भाई रामधन सांखी (34) 9 नवंबर को रात के समय काकड़ा से नोखा अपनी मोटरसाइकिल से आ रहा था। गांव सोमलसर में सड़क पर वाहन चालक ने उसके भाई की मोटरसाइकिल को टक्कर मारी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले बागड़ी हॉस्पिटल नोखा लेकर आए जहां प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर पीबीएम हॉस्पिटल रेफर कर दिया। 11 नवम्बर की रात को इलाज के दौरान रामधन की मौत हो गई।

हनुमानगढ़ डिपो में पहुंची 7 साल पुरानी 10 बसें

हनुमानगढ़, (कासं)। रोडवेज डिपो को दस बसें और मिली है। हालांकि ये बसें सात साल पुरानी है, जो कि अलवर डिपो से भेजी गई है।

नियमानुसार आठ साल बाद या आठ लाख किलोमीटर चलने के बाद रोडवेज की बसों को कंडम घोषित कर दिया जाता है। ऐसे में ये बसें रोडवेज के नियमानुसार महज एक वर्ष के लिए चल पायेगी। दस बसें आने से रोडवेज के बेड़े में बसों की संख्या 95 हो जायेगी। इससे पहले डिपो में कुल 85 बसें थी। अधिकारियों के मुताबिक करीब पांच महीने पहले रोडवेज डिपो में से 9 बसों का संचालन बंद हुआ था। ऐसे में इन बसों के रूट भी बंद हो चुके थे। ये अनुबंधित वाली गाड़ियां थी, जिनका अनुबंध समाप्त हो गया था।

■ **नियमानुसार 8 साल बाद रोडवेज की बसों को कर कंडम घोषित देते है, केवल एक साल ही चल सकेगी**

इन बसों की जगह अब डिपो को मिली बसों का संचालन किया जायेगा। अधिकारियों के मुताबिक हनुमानगढ़ से सालासर व मलखेड़ा के लिए कोई सेवा यात्रियों को उपलब्ध नहीं थी। इस रूट पर इन बसों को चलाया जायेगा। वहीं दिल्ली, जयपुर, मलवानी, भादरा से बरवाली, हनुमानगढ़ से रावला रूट पर भी एक एक बस का संचालन बंद कर दिया गया है। अब फिर से इस रूट पर बसों का संचालन किया जायेगा। इससे यात्रियों को फायदा मिलेगा।

इन रूटों पर बसें चलने से महिला यात्री को ज्यादा फायदा होगा। क्योंकि निजी वाहनों में पूरा किराया देकर सफर करना पड़ता था। लेकिन रोडवेज में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत की छूट मिलती है। हर महीने दो लाख का राजस्व प्राप्त होगा।

इससे पहले एक साथ नौ रूट बंद होने से रोडवेज को हर महीने डेढ़ से दो लाख रूपए का नुकसान होता था। अब वापस रोडवेज को डेढ से दो लाख रूपए का राजस्व मिलना शुरू हो जायेगा।

गोदारा आज करेंगे शिलान्यास

बीकानेर, (कासं)। खाद्य आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा गुरूवार को लूणकरनसर विधानसभा के विभिन्न गांवों के राजकीय विद्यालयों में विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे।

गोदारा प्रातः 11 बजे नकोदेसर स्थित राजकीय विद्यालय में 3 कक्षा कक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यस करेंगे। गोदारा दोपहर 12 बजे छटासर राजकीय विद्यालय में बनने वाले 2 कमरों का शिलान्यास करेंगे।

उत्तर पश्चिम रेलवे

निविदा सूचना

वरि. मण्डल सामग्री प्रबन्धक, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एंव उनकी और से ई-निविदा संख्या- 34245409 जिसकी बन्द होने की तारीख 03.12.2024 को 14.25 बजे तक रहेगी, आमंत्रित कर रहे है। निविदाकार निविदा बन्द होने की तारीख एंव समय तक ही अपनी मूल/संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पायेंगे। मैन्यूअल (ई-निविदा के अलावा) प्रस्ताव इस निविदा के विरूद्ध मान्य नही होंगे। इस तरह के मैन्यूअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। **1. आपूर्ति का विवरणः** Secondary Lashing Chain **2. मात्राः** 3574 Nos. **3. निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक एवं समयः** ई-निविदा को दिनांक 03.12.2024 को 14.25 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है। **4. वेबसाइट विवरणः** www.ireps.gov.in **1312-CR/24**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

MALAVIYA NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY JAIPUR

Jawahar Lal Nehru Marg, Jaipur 302017

Admission to Ph.D. Programme 2024-25

एफ.4/ए-VI-4/24-25/अकाद/पीएचडी/02

सम सेमेस्टर 2024-25 (जनवरी 2025) के लिए सभी विभागों/केंद्रों में पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते है। अधिक जानकारी के लिए www.mnit.ac.in पर जाएँ। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 नवंबर 2024 है।

CBC 21312/12/0009/2425 रजिस्ट्रार

बेनीसर बारी हेरिटेज द्वार के निर्माण कार्य का लोकार्पण

बीकानेर,(कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास एवं महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने बुधवार को बेनीसर बारी हेरिटेज द्वार निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

नगर निगम द्वारा इस पर लगभग 9 लाख रूपये व्यय किए गए हैं। इस अवसर पर विधायक व्यास ने कहा कि ऐतिहासिक दरवाजे और बारियां शहर की विरासत हैं। इन्हें सहेज रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। निगम द्वारा करवाया गया यह कार्य इस दिशा में अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि शहरी परकोटे में सड़क निर्माण सहित अन्य कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले गए हैं। जिनसे घर के पास चिकित्सा सुविधा मिलने लगी हैं।

पहली बार शहरी क्षेत्र में रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है। भामाशाहों के सहयोग से स्कूलों और चिकित्सा संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि निगम द्वारा बारियों के संरक्षण के साथ आसपास की सड़कों और नालियों के निर्माण एवं रखरखाव का कार्य करवाया जा रहा है। वार्ड 59 में द्वार सहित अन्य कार्यों पर लगभग 30 लाख रूपए व्यय किए गए हैं। निगम द्वारा शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें आमजन की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता के मानकों की पालना करें और प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग नहीं करें। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी शुरूआत करके हम स्वच्छता के क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। वार्ड 59 की पार्षद डॉ. सुनीता व्यास ने आभार जताया। इस दौरान उप महापौर राजेन्द्र पंवार, निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, जे.पी. व्यास, कन्हैयालाल चावरिया, विप्र फाउंडेशन के भंवर पुरोहित मौजूद थे।

बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास एवं महापौर सुशीला कंवर ने बेनीसर बारी हेरिटेज द्वार निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

■ **वार्ड 59 में द्वार सहित अन्य कार्यों पर लगभग 30 लाख रूपए व्यय किए गए हैं**

छह किलो डोडा पोस्त सहित दबोचा

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के पदमपुर थाना क्षेत्र में गांव एक जेजे बस स्टैंड के पास पुलिस ने युवक को छह किलो डोडा-पोस्त के साथ गिरफ्तार किया।

एसएचओ सुरेन्द्र कुमार को इस इलाके में युवक के पोस्त लेकर आने का पता लगा। इस पर मौके पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि पदमपुर से रायसिंहनगर रोड पर गांव एक जेजे बस स्टैंड के पास एक युवक खड़ा है और उसके पास रखे थैले में कुछ संदिग्ध चीज है। एसएचओ सुरेन्द्र राणा व कांस्टेबल प्रमोद, सुल्तान, अम्बालाल और मेहताब की टीम ने कुछ देर इस एरिया पर नजर रखी तो युवक नजर आया। उसकी गतिविधियां देखकर पुलिस का शक पुख्ता हो गया। नजदीक जाते ही पुलिस टीम को देखकर आरोपी घबरा गया। उसके पास रखे थैले की तलाशी ली तो छह किलो पोस्त बरामद हुआ।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2024/ 3705 दिनांक : 13/11/2024

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती रामप्यारी पत्नी श्री दरिया सिंह निवासी गांव कलाल कोटरा, चैनपुरा छोटी, तहसील राजगढ़ जिला चूरू** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 21 किला नं. 07 में माप 15 इन्दू 65 फीट, भूखण्ड संख्या आरडी-208, साउथ पार्ट, रामदेव कॉलोनी, श्रीगंगानगर	नियमन पट्टा संख्या 17191 दिनांक 10.11.2022 को श्री आदित्य पुत्र श्री बलराम के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती रामप्यारी द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 28.10.2024 द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्रीमती रामप्यारी पत्नी श्री दरिया सिंह निवासी गांव कलाल कोटरा, चैनपुरा छोटी, तहसील राजगढ़ जिला चुरू द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्याः- SGNR/FY24-25/MUT/1037 - सचिव, नगर विकास न्यास , श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 06.11.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती इन्द्रजीत कौर पत्नी श्री गुरनेक सिंह निवासी 3/48 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्तानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण		
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवरण	जायज वारिसों का विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 18 किला नं. 3, में माप 25 इंटू 60 फीट, भूखंड संख्या वीसी-34, विद्युत कॉलोनी, श्रीगंगानगर	नियमन पट्टा सं. 6428 दिनांक 7.8.2008 को श्री सुदर्शन लाल पुत्र श्री कर्मचंद के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री गुरनेक सिंह की मृत्यु दिनांक 3.10.2020 को हो चुकी है।	1. इन्द्रज